प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर का किया लोकार्पण और शुभारंभ : कहा– ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रतिफल है यह हॉस्पिटल।
2. प्रदेश के 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शुरू होगा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान : उद्यम स्थापित करने के लिए सरकार देगी अनुदान।
3. काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर कल प्रदेश में होंगे विविध कार्यक्रम : रेलवे काकोरी शार्यगाथा एक्सप्रेस चलाकर युवाओं को करेगा प्रेरित।

और

4. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस : लखनऊ के एकेटीयू में आयोजित कार्यक्रम में इसरो के बीएन रामकृष्ण ने कहा– विकसित भारत बनाने में युवा करें योगदान।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण और शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू अब धरातल पर उतरकर भविष्य की बेहतर तस्वीर पेश कर रहे हैं। यह 300 बेड

वाला सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों के साथ ही प्रदेश में निवेश, रोजगार के अवसर बढ़े हैं। वर्ष 2022 में इन्वेस्टर समिट के दौरान ही हॉस्पिटल को लेकर एमओयू हुआ था और 200 करोड़ रुपये की लागत से रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण कर इसे जनता को समर्पित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश छोटा हो या बड़ा, वह विकास के द्वार खोलता है। युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ने के नए पंख देता है और उन्हें रोजगार के साथ जोड़ता है। बाइट.....

*पहले इंवेस्टर्स समिट में हमें 4 लाख रुपये के प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए, लेकिन जब दूसरा इंवेस्टर्स समिट फरवरी 2023 में किया ये चार लाख से बढ़ करके 40 लाख तक पहुंच गया। 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश, देश के अंदर इंवेस्टर्स समिट कैसे होने चाहिये, उनके लिये भी एक मानक बना। निवेश छोटा हो या बड़ा हमारे लिये केवल निवेश नहीं है वो विकास का द्वार खोलता है, वह युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ने के लिये नया पंख देता है, उन्हें रोजगार के साथ जोड़ता है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में अभियान के संबंध में एमएसएमई विभाग के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करत हुए कहा कि यह योजना स्वरोजगार सृजन के प्रयासों में बड़ी

भूमिका निभाने वाली होगी। बैठक में प्रमुख सचिव, एमएसएमई ने मुख्यमंत्री को बताया कि अभियान के तहत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को बैंकों से ऋण दिलाकर वित्तीय अनुदान दिया जाएगा, जिससे प्रतिवर्ष एक लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित हो सकेंगे। इस प्रकार आगामी 10 वर्षों में 10 लाख युवा स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत सामान्य वर्ग के अलावा, ओबीसी, महिला, दिव्यांगजन और एससी, एसटी के पुरुष के अलावा महिलाओं को उद्यम स्थापित करने पर अनुदान देने का प्रावधान हो। साथ ही, मार्जिन मनी पर भी सब्सिडी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के सही क्रियान्वयन और सतत मॉनिटरिंग के लिए आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो की तर्ज पर हर जिल में योग्य युवाओं की तैनाती की जाए।

———————

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर कल प्रदेश में सरकार विभिन्न आयोजन करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर वर्तमान और भावी पीढ़ी को काकोरी व स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा से प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए स्कूली बच्चों, किशोर–युवाओं की सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, रेलवे के सहयोग से काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस भी चलाई जाएगी। 12 बोगी वाली यह ट्रेन आगामी दो माह तक

विभिन्न जनपदों और नगरों का भ्रमण करेगी। इसमं काकोरी शौर्यगाथा पर आधारित सचल प्रदर्शनी होगी। काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस का प्रत्येक जनपद में दो दिन तक पड़ाव रहेगा। इस दौरान स्कूली बच्चों को ट्रेन में सचल प्रदर्शनी दिखाई जाएगी। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष पर विशेष डाक के साथ ही मोटरसाइकिल रैली, 6 दिवसीय स्मरणोत्सव मेला, वीरों और शहीदों के परिजनों का सम्मान, राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम की अभिलेख प्रदर्शनी और शहीद स्मारकों, अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं में 100–100 पौधो का रोपण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के सभी परिषदीय स्कूलों में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी कार्यक्रम साल भर आयोजित किये जायेंगे।

————————

प्रदेश सरकार 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन कर रही है। सरकार ने पिछली वर्ष की तुलना में इस वर्ष 5 से 10 प्रतिशत अधिक तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2023 में प्रदेश के अंदर 4–5 करोड़ तिरंगे फहराए गए थे तो वहीं इस बार यह लक्ष्य 4–75 करोड़ रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। उधर, पीलीभीत के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आज हर घर

तिरंगा अभियान के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर आज लखनऊ के डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसका शुभारम्भ इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क के निदेशक बीएन रामकृष्ण ने किया। इस मौके पर श्री रामकृष्ण ने कहा कि चंद्रयान 3 को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार देने की घोषणा काफी बड़ी उपलब्धि है। पहले चंद्रयान, फिर दो और अभियान के बाद यह सफलता मिली है। हमने इस दौरान कमियों को दूर किया। असफलता से सीखने वालों

को सफलता जरूर मिलती है। यह बात सिर्फ विज्ञान नहीं, आपके जीवन और शोध सभी जगहों पर लागू होती है। उन्होंने युवाओं से कहा कि विकसित भारत बनाने में योगदान दें। युवा देश का भविष्य हैं इसलिए जिस भी क्षेत्र में रुचि हो देश की विकास यात्रा से जुड़ें। कार्यक्रम में एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि इसरो विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

एकेटीयू में आयोजित प्रदर्शनो में विभिन्न स्कूलों के 12 सौ छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें सिटी मांटेसरी स्कूल पहले, दिल्ली पब्लिक स्कूल दूसरे और लखनऊ पब्लिक तीसरे स्थान पर रहा।

---

वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए कहा कि सरकार प्रस्तावित कानून की आगे की जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास इस विधेयक के बारे में छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। इससे पहले श्री रिजीजू ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य धार्मिक निकाय के कामकाज में हस्तक्षेप करना नहीं है। इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के वंचित और गरीबवर्गों को न्याय प्रदान करना है। श्री रिजीजू ने कहा कि वक्फ बोर्डों से संबंधित लगभग 12 हजार मामले लंबित हैं और इस

विधेयक में ऐसे मामलों को छह महीने में निपटाने का प्रावधान है। इससे पहले कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादो पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार, वामपंथी और अन्य दलों ने विधेयक का विरोध करते हुए इसे संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बताया।

————————

केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने लोकसभा को बताया कि भारत ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 997 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन कर एक साल में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन किया है। इससे कोयले की कमी की चिंता दूर हो गई है। वित्त वर्ष 2024 में घरेलू कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 11 दशमलव 71 प्रतिशत अधिक रहा है। सरकार कोयले के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और इसके गैर–जरूरी आयात में कटौती करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

————————

अयोध्या के सावन मास का प्रसिद्ध मणिपर्वत मेला कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में दूर दूर से आ रहे श्रद्धालु, मणि भगवान का दर्शन कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। इसी के साथ अयोध्या के सभी मंदिरों में भगवान का झूलनोत्सव भी प्रारंभ हा गया है। यह मेला आने वाले पखवारे भर तक चलेगा। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट..........

*श्रावण शुक्ल तृतीया पर कल शाम अयोध्या के एतिहासिक मणिपर्वत स्थल से पखवारे भर चलने वाला सावन झुला मेला शुरू हो गया। मणिपर्वत स्थल पर प्रमुख मंदिरों से सिया और राम के चल विग्रह और स्वरूप रथों पर सुशोभित होकर आये तो कनक भवन के कनक बिहारी जू कहांरों के कंधे पर सवार होकर पहुंचे। साथ चल रहे संत ,धर्माचार्य और भक्त वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते और धार्मिक जयघोष करते चल रहे थे। मेला स्थल पर वैदिक रीति से पूजन के बाद विग्रहों को विशालकाय वृक्षों पर पड़े झूलों पर सुशोभित कर दिया गया और फिर श्रद्धालुओं ने भगवान् के विग्रहों को झूला झुलाकर और मधुर उपासना के गीत से भक्तिमय वातावरण सृजित कर दिय।*

*तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

———————————

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक्स में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वज़न बढ़ने के कारण कल अयोग्य घोषित किये जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

पेरिस ओलिम्पिक में एथलेटिक्स में आज सभी की निगाहें पुरुषों के जैवलिन–थ्रो में टोक्यो ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, नीरज चोपडा पर रहेंगी। वे अपने दूसरे ओलंपिक पदक के लिए मैदान में उतरेंगे। वहीं पहलवान अमर सहरावत 57 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल जापान के पहलवान से मुकाबला करेंगे।

वहीं पुरूष हॉकी में भारत ने स्पेन को हराकर ब्रांज जीत लिया।

(समाप्त)